पंजाब केसरी 20/10/2023

रसिया डांस से हुई युवा महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत

कैंट के जी.एम.एन. कालेज में चल रहे युवा महोत्सव के दूसरे दिन कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मनमोहा

मुख्य अतिथि तरसेम गर्ग व भांगड़ा डांसर परमजीत सिंह सिद्धू उर्फ पम्मी बाई का स्वागत करते कालेज प्रबंधन टीम के सदस्य।

स्टेज पर विभिन्न कालेजों के विद्यार्थी अलग-अलग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए।

अम्बाला, 19 अक्तूबर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित 46वें युवा महोत्सव के दूसरे दिन भी रंगारंग कार्यक्रमों के साथ महोत्सव का आगाज हुआ। युवा महोत्सव के दूसरे दिन उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि चांसलर महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना तरसेम गर्ग एवं वशिष्ठ अतिथि के तौर पर गुरचरण सिंह, डी.वाई.सी.ए. ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि का कालेज में पहुंचने पर जी.एम.एन. कालेज प्रबंधक समिति के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, अजय अग्रवाल, आलोक गुप्ता व अन्य प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के साथ कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने स्वागत किया।

मुख्य अतिथि डा. तरसेम गर्ग ने युवा महोत्सव के सफल आयोजन एवं महाविद्यालय के विकास के लिए 11 लाख रुपए दिए।

प्रबंधन कमेटी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि जी.एम.एन. कालेज की 75वीं सालगिरह पर तरसेम गर्ग जैसे महान् शिक्षाविद हमारे बीच मौजूद हैं। जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच प्रदान करने का काम करते हैं, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

डा. दत्त ने कहा कि अम्बाला जोन से आए प्रतिभागियों एवं उनके साथ आए प्राध्यापकों का भरपूर सहयोग भी हमें मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत हरियाणा के प्रसिद्ध नृत्य रसिया डांस से हुई। रसिया डांस की प्रस्तुतियां देखकर दर्शकगण भी रसिया डांस के रंग में रंग गए।

दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। जी.एम.एन. कालेज में युवा महोत्सव के दूसरे दिन भी प्रतिभागियों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

स्टेज 1 पर डा. अमित कुमार, मनजीत कौर एवं डा. अनुपमा सिहाग ने मंच संचालन किया जबकि स्टेज 2 पर डा. अनीश, प्राध्यापिका उदिता एवं जस्मिता ने मंच संचालन में अपनी भूमिका निभाई। वहीं महोत्सव के सायं कालीन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि मशहूर सेलिब्रिटी सिंगर, सांग राइटर और भांगड़ा डांसर परमजीत सिंह सिद्धू उर्फ पम्मी बाई एवं विशिष्ट अतिथि की भूमिका डा. अंकेश्वर प्रकाश, परीक्षा नियंत्रक ने अदा की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस तरह रहे नतीजे

शास्त्रीय वाद्ययंत्र एकल (पी) में जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1 पंचकूला, एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, रसिया (हरियाणवी) समूह नृत्य में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, डी.ए.वी. कालेज, अम्बाला शहर, एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, संस्कृत में उद्घोषणा में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, एम.पी.एन. कालेज, मुलाना, गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला कैंट, शास्त्रीय वाद्ययंत्र सोलो (एन.पी.) में जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1 पंचकूला, आर्य गर्ल्स कालेज, अम्बाला कैंट, हरियाणवी/हिन्दी स्किट में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, शासकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़, समूह गीत हरियाणवी में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, एम.डी.एस.डी. कालेज, अम्बाला शहर ने पहले दूसर व तीसरे स्थान पर बाजी मारी।

इन प्रतियोगिताओं में यह कालेज रहे विजेता

अनुकरण में जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, शासकीय महाविद्यालय, नारायणगढ़, एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, लोक वाद्य हरियाणवी (एकल) में जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, क्ले मॉडलिंग में एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट, गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1 पंचकूला, महाविद्यालय में आर्य गर्ल्स कालेज, अम्बाला कैंट, राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर, श्री हरिकृष्ण साहिब खालसा कालेज, पंजोखरा, मेहंदी में एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट, डी.ए.वी. कालेज, अम्बाला शहर, कार्टून बनाने में गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला कैंट, राजकीय महिला महाविद्यालय, शहजादपुर, गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1 पंचकूला, वन एक्ट प्ले में जी.एम.एन. कालेज, अम्बाला कैंट और एस.डी. कालेज, अम्बाला कैंट पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

आकर्षण का केंद्र रहे कई कार्यक्रम

युवा महोत्सव के दूसरे दिन रसिया ग्रुप डांस, ग्रुप सांग (हरियाणवी), ग्रुप डांस (जनरल), हरियाणवी हिंदी स्किट, वन एक्ट प्ले, मिमिक्री, इंडियन आर्केस्ट्रा, क्लासिकल इंस्ट्रुमैंट सोलो, क्लासिकल इंस्ट्रुमैंट सोलो (एनपी), फोक इंस्ट्रुमैंट (सोलो), क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, मेहंदी, संस्कृत में भाषण प्रतियोगिता, डिबेट और एलोक्यूशन आकर्षण का केंद्र रहे।